तापमान

अधिकतम 36 .3 डिग्री
न्यूनतम 15 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार,3 मई 2024



12 सरकारी डिपो से राशन लेने वाले परिवारों की नए सिरे से होगी केवाईसी





12 शिक्षा के महत्व को समझे हर मजदूर




## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी श्याम लाल को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 26 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी श्याम लाल ने उसका रास्ता रोककर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### शांति भंग करने वाले चार आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब पीने व आम नागरिकों की शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत, विरेंद्र कुमार, हिमांशु व लाभ सिंह को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी सावर्जनिक स्थल पर शराब पीकर हंगामा कर रहे है। इसकी वजह से आम नागरिकों की शांति भंग हो रही है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

### पानीपत में ग्रामीण से 82 हजार की ठगी

**पानीपत।** पानीपत के गांव ददलाना निवासी जोगिंद्र, ठगों का शिकार हो गया। ठग ने जोगिंद्र को टास्क पूरा करने पर ज्यादा मुनाफा होने का प्रलोभन दिया। इसके बाद उससे खाते में कई बार में 82 हजार 800 रुपए ले लिए। जब उसने रुपए निकलवाने चाहे, तो खाता फीज हो गया। जिसके बाद उसे ठगी का पता लगा। वही, जोगिंद्र की शिकायत पर थाना साइबर ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बैंक खाते से 50 हजार रुपये निकाले

**पानीपत।** समालखा के आजाद नगर निवासी प्रवीण के साथ एक निजी बैंक के एटीएम बूथ पर अज्ञात व्यक्ति ने ठगी कर ली। अनजान व्यक्ति ने प्रवीण को मदद का झांसा देकर डेबिट कार्ड बदल लिया। बाद में उसने 50 हजार रुपए निकाल लिए। प्रवीण की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिजली के शॉट सर्किट से घर में लगी भीषण आग, मालिक का चेहरा झुलसा

## एक घंटे चलता रहा आग का तांडव, बाल बाल बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना





आग से हुई रिहायशी भवन व वाहनों को नुकसान का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

■ फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

शिव धाम गौरी ताल मंदिर के नजदीक स्थित कनिष्क विहार कॉलोनी में बने एक मकान में देर रात शॉट सर्किट से आग लग गई।जब घर मे आग लगी तब परिवार सोया हुआ था। आग की ऊंची लपटे देख परिवार जागा और आग बुझाने का भरसक प्रयास करने लगा। आग बुझाने के प्रयास में घर का मालिक रमेश कुमार उर्फ भट्टू भी झुलस गया। आग की ऊंची लपटों से रमेश कुमार का चेहरा भी झुलस गया। आग पर काबू न होता देख रमेश कुमार ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुन कर पड़ोसी जाग गए और मौके पर पहुंचे। पुलिस व फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग लगने से घर का सोफा सेट, दो बाइक व एक एक्टिवा ,दरवाजे खिड़कियां जलकर राख हो चुकी थी । आग की लपटों से झुलसे रमेश कुमार ने बताया कि हर रोज की तरह परिवार के लोग खाना खा कर सो गए थे। रात के करीब डेढ़ बजे उस ने देखा कि कमरे के साथ बाहर की और बने पोर्च में आग की लपटें उठ रही है। कुछ ही देर में आग की ऊंची लपटे उठ घर के कमरे में घुसने लगी।उस समय कमरे में रमेश कुमार की पत्नी सीमा देवी, दो बच्चे गौरव चहल व रूसिका चहल सोए हुए थे। रमेश कुमार ने तुरंत अपनी पत्नी और बच्चों को जगाया और आग बुझाने में जुट गया। रमेश ने बताया कि पार्च के साथ ही बने कमरे में किराए पर रहने वाला युवक विनय सोया हुआ था उसे भी जगाया गया। आग को बुझाने का उस ने पहले भरसक प्रयास किया लेकिन वह असफल रहा। आग बढ़ती देख वह घबरा गया और सहायता के लिए उस ने शोर मचाना शुरू कर दिया। मदद के लिए घर से कुछ ही कदमो की दूरी पर बने पुलिस थाना भी पहुंचा जहां उस ने आपबीती सुनाई। रमेश की पुकार पर पुलिस थाना से कुछ मुलाजिम तुरंत उस के साथ घर पर पहुंचे। इधर पड़ोसी भी जाग गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन आग की लपटें कम होने का नाम ही नही ले रही थी।।आग की लपटों से ऊपरी मंजिल पर भी पहुंच गई। आग के साथ ही चारो और धुआं भी होने लगा। जिस कारण दम घुटने की नोबत आने लगी। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई । फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित रमेश कुमार के।अनुसार आग का यह तांडव एक घँटे के।करीब चलता रहा।।रमेश कुमार ने कहा कि आग लगने का कारण बिजली का शॉट सर्किट है।

उस के अनुसार घर की सारी वायरिंग, दो बाइक, एक एक्टिवा, सोफा सेट, दरवाजे, खिड़कियां जलकर राख हुई है। रमेश कुमार ने बताया कि आग लगने से उसे लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा है।

# इथेनॉल फैक्ट्री के बॉयलरों में अचानक आग लगी



इथेनॉल फैक्टरी में लगी आग का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

■ दस से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी

**अंबाला।** इथेनॉल फैक्ट्री के बॉयलरों में अचानक आग लग गई। इसकी वजह से फैक्टरी में अफरातफरी मच गई। घटना गांव जटवाड़ की है। आग पर काबू पाने के लिए अंबाला शहर, अंबाला शहर, नारायणगढ़, पंचकूला के बरवाला से 10 से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाना पड़ा। पता चला है कि इथेनॉल के दोनों बॉयलर में 2.50 लाख लीटर तेल से भरे हुए थे। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ था। जानकारी के मुताबिक गांव में स्थित इथेनॉल फैक्ट्री के बॉयलरों में आग गई। दोनों टैंकों में ढाई लाख लीटर इथेनॉल तेल भरा हुआ था।फायर ऑफिसर प्रमोद कुमार ने बताया कि सवा 9 बजे आग लगने की सूचना मिली।अंबाला कैंट से तुरंत 3 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग ज्यादा भयानक थी कि आसपास की गाड़ियां भी मौके पर गई हैं। अंबाला सिटी से फायर ऑफिसर तरसेम समेत अन्य दमकल केंद्र के कर्मचारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। अभी हादसे में जानी नुकसान की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड़ की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी थी। उधर अंबाला कैंट में 12 क्रॉस रोड के पास स्थित एमसी कॉलोनी में भी आग लग गई। आग लगने के पीछे के कारण बीड़ी बताया गया है। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के मुताबिक, घर में रखा सारा सामान जल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया।

# रोडवेज विभाग को सौंपी गुरु गोरख नाथ की जीवनी और गौरव गाथा



पानीपत रोडवेज के जीएम को गुरू गोरख नाथ की जीवनी सौंपते हुए महिपाल जोगी आदि।

**इसराना।** आल हरियाणा समस्त जोगी समाज एवं गुरु गोरख नाथ सेवा समिति का प्रतिनिधिमंडल महिपाल जोगबी के नेतृत्व में हरियाणा राज्य परिवहन पानीपत डिपो के महाप्रबंधक कुलदीप जांगड़ा से मिलकर उन्हें गुरु गोरख नाथ की जीवनी और गौरव गाथा सौंपी। वही, महिपाल ने बताया कि जोगी समाज ने पानीपत के सिवाह बस अड्डे का नाम गुरु गोरख नाथ के नाम पर रखने की मांग की। बता दें कि जोगी समाज पिछले एक साल से सिवाह बस अड्डे का नामकरण गुरु गोरख नाथ के नाम पर रखने की मांग करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष पांच मई को करनाल में आयोजित गुरु गोरख नाथ स्मृति उत्सव दिवस में जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जोगी समाज को आश्वासन दिया था कि वह उस संस्थान का नाम गुरु गोरक्ष नाथ के नाम पर रखेंगे।

### आईओसीएल कर्मी की नकदी चोरी

■ उसके बैग में कंपनी से जुड़े जरूरी उपकरण के अलावा मोबाइल व 15 हजार रुपये थे

पानीपत। पानीपत में पुराना बस स्टैंड के नजदीक पानीपत रिफाइनरी के कर्मचारी चेतन्या आनंद निवासी एल्डिको का बैग चोरी हो गया। वही, सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में चेतन्या आनंद ने बताया कि 26 अप्रैल को पानीपत के पुराना बस स्टैंड के नजदीक उसका बैग चोरी हो गया। उसके बैग में कंपनी से जुड़े बहुत जरूरी उपकरण थे। इसके अलावा 56 हजार कीमत का मोबाइल फोन, 15 हजार रुपए कैश, कंपनी आई कार्ड आदि मौजूद थे। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ड्यूटी मजिस्ट्रेट पर पांच हजार का घूस मांगने के आरोप झूठ निकला

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

■ जांच के दौरान झूठी पाई गई शिकायत,सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही

ड्यूटी मजिस्ट्रेट पर पांच हजार रुपये की घूस मांगने के आरोप लगाने वाली महिला जांच में शामिल नहीं हुई। इस पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार ने कड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी त। उन्होंने बताया कि लुधियाना से करनाल जाते समय महिला प्रनिका कोहली ने ई-मेल के माध्यम से शिकायत दी थी कि कैथल रोड़ पर चुनाव के दृष्टिगत तैनात ड्यूटी मजिस्ट्रेट द्वारा उनकी गाड़ी की चेकिंग करते समय उसके पति के साथ अभ्रद व्यवहार किया। साथ ही 5 हजार की मांग करने के आरोप लगाए गए। उन्होंने इस मामले बारे जांच करते हुए शिकायतकर्ता को ई-मेल के माध्यम से ही 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे कार्यालय में हाजिर होकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की शिनाख्त करने बारे कहा था। लेकिन महिला न तो जांच में हाजिर हुई। उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट / नाका मजिस्ट्रेट को बुलाया गया परंतु शिकायतकर्ता के न आने के कारण सभी अधिकारियों का समय खराब हुआ। इससे चुनाव कार्य में भी बाधा उत्पन्न हुई है। महिला द्वारा जो भी आरोप लगाए गए हैं वह सारे निराधार पाए गए। जांच में ऐसा कुछ भी नहीं पाया गया है। उन्होने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की झूठी तथ्यहीन शिकायत करता है तो उसके विरूद्ध चुनावी कार्य में बाधा पहुंचाने के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# आर्य स्कूल के विद्यार्थियों का एनसीसी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ एनसीसी में भाग लेने हेतु कक्षा आठवीं व नौवीं के 120 छात्रों ने आवेदन किया था



आर्य स्कूल में एनसीसी के लिए विद्यार्थियों का चयन करते हुए सैन्य कर्मी।

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज एनसीसी 12 हरियाणा बटालियन की ओर से ए न सी सी कैडिट्स का चयन करने हेतु एनसीसी अ धि का री रजनीश व टेकराम विद्यालय पहुंचे। प्राचार्य मनीष घनगस ने उनका स्वागत किया। एनसीसी में भाग लेने हेतु कक्षा आठवीं व नौवीं के 120 छात्रों ने आवेदन किया। जिसमें से 50 छात्रों व छात्राओं का चयन किया गया। प्राचार्य मनीष घनगस ने बताया कि विद्यालय में एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एण्ड गाईड तथा हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाईड हैं।

आजकल के बच्चों को देशभक्त और अनुशासित बनाने के लिए सेना, नौ सेना तथा एयर विंग द्वारा सभी स्कूलों में एनसीसी, एनएसएस, हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाईड तथा भारत स्काउट एण्ड गाईड का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर प्रवीण वर्मा, हिमांशी, सोनू वर्मा, संजय, गौरव व प्रमोद चौपड़ा मौजूद रहे।

# अंबाला में सीआईए टू ने नशे की बड़ी खेप पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ 4 किलोग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार




पुलिस क हत्थे चढ़ा आरोपी गांजा तस्कर।

नशा कारोबारियों पर पुलिस लगातार शिकंजा कस रही है। अब पुलिस ने गांजा की बड़ी खेप जब्त की है। इस सिलसिले में एक आरोपी को भी काबू किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चार किलोग्राम गांजा भी जब्त किया है। अब आरोपी से गहन पूछताछ हो रही है। दरअसल सीआईए टू को सूचना मिली थी कि अंबाला छावनी के 12 क्रास रोड पर जलघर के पास गांजे की एक बड़ी खेप पहुंची है। पुलिस ने सूचना के आधार पर यहां नाकाबंदी कर एक आरोपी कुलभूषण उर्फ ब्लैक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम गांजा मिला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। अब रिमांड के जरिए उससे पूछताछ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। छावनी में वह गांजे की बड़ी खेप लेकर पहुंच रहा है। इसी वजह से पुलिस अलर्ट हो गई। नाकाबंदी के दौरान ही उसे काबू कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक प्लास्टिक कट्टा भी जब्त किया है। आरोपी कुलभूषण उर्फ ब्लैक यहां के बाल्मीकि मंदिर के पास इंदिरा कॉलोनी का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस को सूचना मिली है कि इससे पहले भी आरोपी नशे की सप्लाई कर चुका है।

## समस्या

### प्रतिनिधिमंडल ने डीएफएससी को मांगपत्र सौंप कर की उनकी मांगें जल्द पूरी किए जाने की मांग

# मांगों को लेकर डीएफएससी से मिला राशन डिपो होल्डर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

सप्लाई ठेकेदार समय पर न तो राशन पहुंचा रहे हैं और न पूरा वजन दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर में डीएफएससी से मिलते हुए जिला डिपो होल्डर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

जिला डिपो होल्डर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल डीएफएससी से मिला। उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित मांगपत्र डीएफएसी से सौंपकर उनकी मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग की। डीएफएससी अशोक शर्मा ने डिपो होल्डर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांगों को जल्द पूरा करवाए जाने का आश्वासन दिया।

एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान सुशील मित्तल के नेतृत्व में डीएफएससी कार्यालय में पहुंचा। इस दौरान उन्होंने डीएफएससी अशोक शर्मा को सौंपे अपने मांगपत्र में कहा कि विभाग की ओर से डिपुओं पर राशन समय पर नहीं पहुंच रहा है। जबकि विभाग द्वारा सप्लाई ठेकेदारों को हर महीने की 20 तारीख तक राशन पहुंचाने का आदेश जारी किया हुआ है। मगर सप्लाई ठेकेदार समय पर ना तो राशन पहुंचा रहे हैं और ना ही राशन का पूरा वजन दे रहे हैं। राशन डिपुओं पर राशन का वजन भी कम आ रहा है। उन्होंने कहा कि सप्लाई ठेकेदार उन्हें राशन पहुंचाने की सूचना भी पहले नहीं देते हैं और राशन डिपुओं पर उनकी जांच किए बिना ही राशन को उतार कर चले जाते हैं। जब वह राशन को तोलते हैं तो उसका वजन कम मिलता है। उन्होंने डीएफएससी से सप्लाई ठेकेदारों को राशन डिपो होल्डर्स को राशन सप्लाई करने से एक दिन पहले सूचना दिए जाने की मांग की। ताकि वह मौके पर पहुंचकर राशन का वजन करवा सकें। वहीं, डिपुओं पर राशन समय पर भेजे जाने समेत अन्य मांगों को जल्द पूरा किए जाने की मांग की।

### कमीशन हर महीने देने की मांग

इसके साथ ही एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने डीएफएससी को बताया कि इस बार अप्रैल माह का राशन 29 व 30 अप्रैल को डिपुओं पर पहुंचा है। उन्होंने उस राशन को वितरित करने के लिए दस मई तक का समय दिए जाने की मांग की। एसोसिएशन के प्रधान सुशील मित्तल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा डिपो धारकों को केवाइसी के लिए आदेश जारी किए हुए हैं। लेकिन अधिकांश कार्ड धारक केवाइसी करवाने के लिए न तो डिपो पर पहुंचते हैं और ना ही केवाइसी करवाते हैं। उन्होंने मांग की है कि जिन डिपो धारकों के पास दूसरे राशन डिपो की अटैचमेंट है उन डिपुओं की मशीनों में उस डिपोधारक की नोमिनी होनी चाहिए। जिससे वह राशन सही समय पर वितरित कर सके। सभी डिपो धारकों की मांग है कि राशन डिपो धारकों का कमीशन हर महीने उन्हें मिलना चाहिए। इसकी घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा की गई थी। लेकिन उस पर अमल आज तक नहीं हुआ। ठेकेदार जिस सेंटर पर राशन डालता है उस सेंटर को पूरा राशन दिए जाने के बाद ही दूसरे सेंटर पर सप्लाई दी जानी चाहिए। इस अवसर पर विनोद राणा, हंसराज, गजेंद्र राणा, अमनदीप, हरिंद्र अरोड़ा, डीपी सिंगला, रिंकू, सुमन शर्मा व अश्वनी आदि मौजूद रहे।

### केयूके और आईसीडब्ल्यूए के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

**थानेसर।** कुवि तथा इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स , सप्रू हाउस, नई दिल्ली के बीच गुरुवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने इस समझौता ज्ञापन की प्रक्रिया शुरू करने वाले कुवि के अंतरराष्ट्रीय इंडो पैसिफिक अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रोफेसर वी एन अत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अशोक चौहान और उनकी टीम आईसीआईपीएस को इसके कार्यों के आयोजन में सहायता करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। कुलपति ने कहा कि कुवि को ए-प्लस-प्लस से अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान का दर्जा दिलाने के लिए हमें अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग करने की आवश्यकता है। समझौता ज्ञापन छात्रों के लिए इंटर्नशिप, शोध फेलोशिप और संकाय सदस्यों द्वारा संयुक्त शोध परियोजनाओं को शुरू करने और संयुक्त कार्यशालाओं/प्रशिक्षण या सम्मेलन आयोजित करने के अवसर पैदा करेगा।

# डिलीवरी ब्वाय से मारपीट कर छीन लिया बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ बैग में था डिलीवरी का सामान

■ मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

डिलीवरी का सामान डिलिवर करने जा रहे डिलीवरी ब्वाय से रास्ते में दो युवकों ने मारपीट कर उसका बैग छीन लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो एक आरोपी बैग लेकर फरार हो गया। जबकि दूसरे आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बैग में डिलीवरी के पार्सल आदि सामान भरा हुआ था। पुलिने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक गांव तिगरा निवासी रजनीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गोबिंदपुरा स्थित इंकाट लोजिस्टिक कंपनी में डिलीवरी ब्याय की नौकरी करता है। वह रोज की तरह सुबह के वक्त कंपनी से बैग में पार्सल आदि लेकर डिलीवरी देने के लिए निकला था। इस दौरान वह बाढ़ी माजरा के नजदीक विशु नामक एक ग्राहक के पार्सल को डिलीवरी करने के लिए जा रहा था। रास्ते में बाढ़ी माजरा पुल के पास उसे दो युवकों ने रोक लिया और उसके साथ मारपीट कर उसका बैग छीन लिया। शोर सूनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो एक युवक उसका बैग लेकर भाग खड़ा हुआ। जबकि दूसरे को लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान हमीदा निवाकी कार्तिक के रुप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### इंस्टग्राम पर दो युवकों ने दी जान से मारने की धमकी

**यमुनानगर।** इंस्टग्राम पर लाइव होकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक आजाद नगर कॉलोनी निवासी भीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जवाहरनगर निवासी जतिन व शांति कालोनी निवासी अभिषेक के साथ उसका कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसकी वजह आरोपी उससे रंजिश रखने लगे हैं। उसने बताया कि आरोपियों ने इंस्टग्राम पर लाइव होकर उसे जान से मारने की धमकी दी है। जिससे उसे अपनी जान माल के नुक्सान होने की आशंका है। पुलिस ने भीम की शिकायत पर आरोपी जतिन व अभिषेक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरपंच प्रतिनिधि ने गेम आईपीएल में जीता इनाम



**रादौर।** जिले के गांव सिलीकलां के सरपंच प्रतिनिधि अरुण कांबोज उर्फ सीटू ने मुंबई व लखनऊ के बीच खेले गए गेम आईपीएल में ड्रीम-11 में सबसे बेहतर टीम बनाकर दो करोड़ रुपये का पहला इनाम जीता है। सरपंच प्रतिनिधि द्वारा दो करोड़ रुपये का इनाम जीतने पर ग्रामीणों ने उसके घर पहुंचकर बधाई दी।

### शिकायतों का निपटारा तय समय में हो

पानीपत। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आचार संहिता के उल्लघन से सम्बंधित शिकायतों का निपटारा तय समय में किया जाए।

### धमकी देने वाले तीन लोग पकड़े

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने हत्या के मामले में जेल से जमानत पर आने के बाद गांव चुलकाना में साथियों के साथ मिलकर हुड़दंगबाजी कर गवाह को धमकाने व हवाई फायर करने मामले में बुधवार शाम को फरार चल रहे और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिले की सभी तेरह अनाज मंडियों में अब तक 260234 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

# मंडियों में सुचारू रुप से की जा रही है गेहूं की खरीद

**उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अनाज मंडियों में गेहूं के खरीद कार्य में लगे अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**



**यमुनानगर।** अनाज मंडियों में गेहूं खरीद की जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रुप से की जा रही है। अभी तक जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में 2275 रुपये प्रति क्विंटल खरीद की जा रही है। उक्त जानकारी वीरवार को उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि अभी तक जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में कुल 2 लाख 60 हजार 234 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 94 हजार 330 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 39 हजार 240 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाऊस कॉपारेशन द्वारा 26 हजार 664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### रादौर मंडी में हुई सबसे अधिक गेहूं की खरीद

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला की रादौर अनाज मंडी में सर्वाधिक 40 हजार 730 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। जबकि यमुनानगर अनाज मंडी में सबसे कम कुल 258 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

वहीं, रणजीतपुर अनाज मंडी में 10 हजार 390 मीट्रिक टन, रसूलपुर मंडी में 7 हजार 892 मीट्रिक टन, साढ़ौरा मंडी में 15 हजार 201 मीट्रिक टन, बिलासपुर अनाज मंडी में 26 हजार 899 मीट्रिक टन, छछरौली मंडी में 30 हजार 521 मीट्रिक टन, गुमथला राव मंडी में 6 हजार 837 मीट्रिक टन, जगाधरी मंडी में 37 हजार 601 मीट्रिक टन, जठलाना मंडी में 4 हजार 910 मीट्रिक टन, खारवन मंडी में 4 हजार 474 मीट्रिक टन, प्रताप नगर मंडी में 37 हजार 271 मीट्रिक टन व सरस्वती नगर में 37 हजार 250 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

**मंडियों में सभी सुविधाएं करवाएं उपलब्ध**

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने गेहूं खरीद में लगे संबंधित अधिकारियों को जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था समेत अन्य सभी सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने अनाज मंडियों से गेहूं के उठान में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

# किरण का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए चयन

- किरण ने अपने प्रशिक्षण के दौरान अनुकरणीय कौशल और दृढ़ संकल्प दिखाया
- गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य समेत स्टॉफ सदस्यों ने छात्रा किरण को दी बधाई



छात्रा किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की बीएससी स्पोटर्स प्रथम ईयर की छात्रा किरण का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वीरवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग व स्टॉफ सदस्यों ने छात्रा को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि उनके कॉलेज की बीएससी स्पोटर्स प्रथम ईयर की छात्रा किरण को प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय चैंपियनशिप के लिए हमारे संस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। जिससे कॉलेज का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए किरण का चयन हमारे कॉलेज के लिए बहुत गर्व का क्षण है। उन्होंने छात्रा किरण को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकॉमनाएं दी। मौके पर कोच सरदार मस्तान सिंह व डॉ. जोशप्रीत सिंह ने कहा कि किरण ने अपने पूरे प्रशिक्षण के दौरान अनुकरणीय कौशल और दृढ़ संकल्प दिखाया है। गवनिंर्ग बॉडी और प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कहा कि छात्रा किरण का चयन खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में हमारे कॉलेज के निरंतर प्रयासों का एक प्रमाण है। उन्होंने संस्थान के अन्य विद्यार्थियों को भी छात्रा किरण से प्रेरणा लेकर गतिविधियों में भाग लेने के लिए आहवान किया।

# भजन गायकों को किया सम्मानित

- श्रीहनुमान मंदिर रामपुरा में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। श्री हनुमान मंदिर रामपुरा में भजनीकों को सम्मानित करते सभा सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

श्री हनुमान मंदिर सभा रामपुरा द्वारा मंदिर में निस्वार्थ भाव से योगदान देने पर प्रसिद्ध भजनीक सूरज चंचल, मोंटी राजा एवं राकेश शर्मा उर्फ स्वीटी को सम्मानित किया गया। साथ ही मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा व पंडित अंकित को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में भजन गायकों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। पंडित शारदा मिश्रा ने बताया कि पिछले दस वर्षों में मंदिर में हर मंगलवार को भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस भजन कीर्तन में प्रसिद्ध भजनीक सूरज चंचल, मोंटी राजा, राकेश शर्मा शामिल होकर अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल करते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मंदिर द्वारा अगर कोई कार्यक्रम श्रद्धालु करवाता है तो वहां पर भी यह अपनी निशुल्क सेवा प्रदान करते हैं। इसी के चलते मंदिर कमेटी द्वारा इन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। मिश्रा ने बताया कि मंदिर में गुंबद निर्माण का कार्य निरंतर जारी है। हनुमान जी की प्रतिमा के ऊपर गुंबद का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब शिव परिवार की प्रतिमा के ऊपर गुंबद का निर्माण कार्य आरंभ किया जा रहा है। मौके पर अनिल लांबा, दविंदर मेहता, राजेंद्र आदि मौजूद थे।

# भगवान बलभद्र के मंदिर पर मेला 10 को

- पूरे जोरों से चल रही हैं मेले की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

अक्षय तृतीया के अवसर पर गांव धौलरा स्थित भगवान बलभद्र जी के मंदिर में 10 मई को लगने वाले प्रसिद्ध व ऐतिहासिक मेले की तैयारियों जोरों पर चल रही हैं। पूर्व सरपंच संजू धौलरा ने बताया कि मेले को लेकर आयोजन समिति द्वारा मंदिर में पेंट का कार्य चल रहा है। वहीं मंदिर की सफाई भी करवाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए उनकी ओर से दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रसिद्ध व ऐतिहासिक इस मेले में अबकी बार 40 से 50 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। मेले में हजारों श्रद्धालु भाग लेकर भगवान बलभद्र जी के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर व माथा टेक कर प्रार्थना करेंगे। वहीं अपने परिजनों के लिए सुख शांति की कामना करेंगे। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रशाद ग्रहण करेंगे। भगवान बलभद्र जी के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की मुरादें पूरी होती हैं। भगवान बलभद्र जी की मूर्ति सैंकड़ों वर्ष पहले तालाब की खुदाई के दौरान मिली थी। जिसके बाद मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया गया।



**यमुनानगर।** गांव धौलरा स्थित भगवान बलभद्र मंदिर परिसर का दृश्य।

# पवन बने पैक्स कर्मचारी महासंघ के जिला प्रधान

रादौर। पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा की ओर से वीरवार को भगत सिंह पार्क रादौर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधान राजबीर टोपरा ने की। बैठक में महासंघ की जिला इकाई की कार्यकारिणी का गठन करते हुए पवन सिंह श्योराण को सर्वसम्मति से जिला प्रधान नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में संजीव कांबोज चमरोड़ी को महासचिव, राजबीर पंजेटा को वरिष्ठ उपप्रधान, कर्मवीर सांगवान को कोषाध्यक्ष, नरदेव सिंह को चेयरमैन बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को कर्मचारियों ने फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। वहीं उन्हें शपथ ग्रहण करवाकर पदभार सौंपा गया।

मौके पर नवनियुक्त जिला प्रधान पवन सिंह श्योराण ने कहा कि संगठन की ओर से उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है वह उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पालन करेंगे। इस अवसर पर जंगशेर खान, जसबीर सिंह साढ़ौरा, जसबीर सिंह गुंदयाना, यशवंत सिंह, सुभाष, नरेंद्र राणा, राजेश कुमार, वेदपाल बैंडी, वीरेंद्र सिंह, जंगशेर सिंह, नीरज राणा, नरेंद्र कुमार, जयपाल, सराफत अली, मोहनलाल व रामकिशन आदि मौजूद थे।

### शराब तस्करी में आठ पकड़े

पानीपत। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान के तहत शराब तस्करी के आरोप में आठ आरोपियों रामबाबू निवासी हरि नगर, विनोद निवासी गेहुनी गया, बिहार, लवली निवासी हरिसिंह कालोनी, अंकित निवासी गांव उग्राखेड़ी, ईश्वर निवासी गांव उरलाना कला, सुनील निवासी रानी महल, पानीपत, मुकेश निवासी दीनानाथ कॉलोनी, सियाराम निवासी खांडा जीन्द हाल राज नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया गया और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में केस दर्ज करवाए गए है।

आरोपियों के कब्जे से 163 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की गई।

# सूने घरों से नकदी समेत हजारों का सामान चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दो सूने घरों से चोरों ने हजारों रुपये की नगदी व सोने चांदी के गहनों समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। गांव ब्राह्मण खेड़ा निवासी रवि कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह के वक्त वह और उसकी पत्नी अपनी अपनी ड्यूटी पर चले गए थे और बच्चे स्कूल में चले गए थे। दोपहर के समय जब निजी स्कूल से छुट्टी होने के बाद उसकी पत्नी घर पहुंची तो घर का मेन गेट खुला हुआ मिला। उसने भीतर जाकर देखा तो घर के अन्य कमरों के दरवाजे भी खुले हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। उसने सामान की जांच की तो घर से 20 हजार रुपये की नगदी समेत हजारों रुपये के सोने-चांदी के गहनें व अन्य कीमती सामान गायब था। उन्होंने बताया कि उनके भाई के कमरे से भी चोरों ने बीस हजार रुपये की नगदी समेत अन्य हजारों का सामान चोरी कर लिया।उधर, साढ़ौरा निवासी नसीब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राजकीय स्कूल में शिक्षक है और उसकी पत्नी निजी स्कूल में शिक्षिका है। सुबह वह दोनों ड्यूटी पर चले गए थे। दोपहर को जब वह दोनों ड्यूटी से घर लौटे तो कमरों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा मिला। उन्होंने जांच की तो हजारों रुपये का सामान गायब मिला।

# बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों से रादौरवासी परेशान

- क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से लगाई ठीक करवाने की गुहार
- लंबे समय बाद भी खंबों से उतारी गई स्ट्रीट लाइटें दोबारा खंबों पर नहीं लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

स्ट्रीट लाइटें खराब होने के कारण रादौर की गलियों में रात के समय घोर अंधेरा हो जाता है। जिससे स्थानीय लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस संबंध में क्षेत्रवासी कई बार नगरपालिका कर्मचारियों से स्ट्रीट लाइटें खराब होने की शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस है। रादौर के राजीव कुमार, बलराम, काला ठेकेदार, जसविंदर सिंह, तासिम, राजेश व आशु आदि ने बताया कि नगरपालिका की ओर से 2014 में खंबों पर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी। जो काम भी करती थी। लेकिन नगरपालिका के कर्मचारियों ने खंबों से स्ट्रीट लाइट खराब होने पर उतार कर ठीक करवाने के लिए भेज दी। लेकिन लंबे समय बाद भी खंबों से उतारी गई स्ट्रीट लाइटें दोबारा खंबों पर नहीं लगी हैं। जो लगी भी हुई हैं वह जलती नहीं हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि खंबों से उतारी गई लाइटों को तुरंत खंबों पर लगवाया जाये। वहीं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक करवाकर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए।



**यमुनानगर।** रादौर खेड़ा मोहल्ला में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट।

**लाइटों को जल्द ठीक करवा दिया जाएगा**

*इस संबंध में नपा सचिव गुलशन कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों की समस्याओं का निपटान उनकी प्राथमिकता है। खराब हुई स्ट्रीट लाइटों को जल्द से जल्द ठीक करवा दिया जाएगा।*

# कष्ट निवारण फोरम का आयोजन 20 को

- उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरपर्सन आरके खन्ना फोरम में सुनेंगे बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

उत्तर हारियाणा बिजली वितरण निगम के तत्वावधान में 20 मई को एक्सईएन ओपी डिविजन यूएचबीवीएन यमुनानगर में बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालन परिमंडल यमुनानगर के अधीक्षक अभियंता जेसी शर्मा ने दी। अधीक्षक अभियंता जेसी शर्मा ने बताया कि फोरम में उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरपर्सन आरके खन्ना द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनका मौके पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फोरम का आयोजन 20 मई को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इस बैठक में बिजली से संबंधित वह समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों एसडीओ व एक्सईएन से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। अधीक्षक अभियंता जेसी शर्मा ने बताया कि दो साल से पुरान और कोर्ट केस व बिजली की चोरी से संबंधित केस इस फोरम में नहीं लिए जाएंगे।

**कार्यक्रम**

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित

# देश को उन्नत बनाने में अहम भूमिका निभा रहे मजदूर: डॉ. परमार

- दुनियाभर के मजदूरों को मान सम्मान देने के लिए विश्व मजदूर दिवस की शुरूआत अमेरिका से की गई थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर स्थित महाराणा प्रताप पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किए गए कर्मचारी अतिथियों के साथ खुशी जताते हुए।

रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में कस्बा के महाराजा प्रताप पार्क में विश्व मजदूर दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह देकर व फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी मार्या मौजूद रही। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब के प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा ने की। मुख्यातिथि एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने कहा कि पूरे विश्व में मजदूर किसी भी देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में अहम योगदान दे रहा है। मजदूर विकास के मामले में सभी देशों की रीढ़ की हड्डी है। जिनका सम्मान होना बेहद जरुरी है। यही वजह है कि दुनियाभर के मजदूरों को मान सम्मान देने के लिए विश्व मजदूर दिवस की शुरूआत अमेरिका से की गई थी। देश के निर्माण में मजदूर वर्ग का विशेष योगदान रहा है। मजदूर वर्ग किसी भी देश को उन्नत देश बनाने में अहम भूमिका निभाता है। हमारा देश आज जिस प्रकार बुलंदियों को छू रहा है उसका श्रेय मजदूर वर्ग को जाता है।

प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा, भारत माटिया, ब्रह्मप्रकाश टंडन व कर्ण चानना ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले महाराणा प्रताप पार्क के कर्मचारियों, सीवरेज कर्मचारियों, रसोई कर्मचारियों व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मजदूरों को फूलमालाएं पहनाकर व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

मौके पर कुलवंत कौर पंजेटा, रानी सैनी, साक्षी पुरूथी, सुमन शर्मा, डॉ. एससी सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, निर्मल सिंह, हरजीत सिंह, मलखान सिंह सढुरा,रविंद्र शर्मा, बलिंद्र सिंह, राजीव आर्य सन्नी, कृष्ण आर्य व सतीश सैनी आदि मौजूद रहे।

# महिला के अकाउंट से 56226 रुपये निकाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

साइबर ठगों ने एक स्थान पर महिला के अकाउंट से धोखे से 56 हजार 226 रुपये निकाल कर हड़प लिए। वहीं, दूसरे स्थान पर महिला का क्रेडिट कार्ड बदलकर उसके बैंक खाते से 85 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने दोनों महिलाओं की शिकायत पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक शहर के पुराना हमीदा निवासी पूजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिलासपुर के सरकारी अस्पताल में अकाउंटेंट है। उसके पास इंटसइंड बैंक का क्रेडिड कार्ड है। कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 56 हजार 226 रुपये निकलने का मैसेज आया। मैसेज आते ही उसने संबंधित बैंक अधिकारियों को मामले से अवगत करवाया और साइबर क्राइम थाना में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**क्रेडिट कार्ड बदल कर निकाले 85 हजार**

साढ़ौरा निवासी बाला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भारतीय स्टेट बैंक साढ़ौरा शाखा में खाता है। जिसमें उसने एटीएम की सुविधा ली हुई है। उसके खाते में उसके पति की पेंशन आती है। जिससे वह घरेलू खर्च व अपनी दवाइयों का खर्च चलाती है। गत 29 अप्रैल को उसने अपनी पुत्रवधू नीरू को क्रेडिट कार्ड देकर घरेलू खर्च के लिए पांच हजार रुपये निकालने के लिए भेजा था। इस दौरान जब उसकी पुत्रवधू साढ़ौरा स्थित एटीएम से रुपये निकालने लगी तो वहां पर उसके पीछे खड़े अज्ञात युवक ने मदद के बहाने उससे क्रेडिट कार्ड ले लिया और एटीएम से पांच हजार रुपये निकालकर उसे थमा दिए। इस दौरान आरोपी ने उसे क्रेडिट कार्ड भी दे दिया। मगर थोड़ी देर बाद उसके मोबाइल पर 85 हजार रुपये निकलने का एक और मैसेज आ गया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसका क्रेडिट कार्ड बदलकर उसके खाते से 85 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### कल शुरू होगा महान गुरमति समागम


ज्ञानी वरयाम सिंह।

**पिहोवा।** गऊशाला रोड़ स्थित विद्यालय गुरूबाणी गुरूद्वारा गुरूशरण साहिब में दो दिवसीय वार्षिक महान गुरमति समागम का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए गुरूद्वारा के मुख्य संचालक ज्ञानी वरयाम सिंह ने बताया कि 4 व 5 मई को आयोजित होने वाले समागम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में साध संगत शामिल होकर गुरचरणों में शीश नवाकर पुण्य अर्जित करेगी।

### कॉलेजों के स्टाफ पर गहराया वितीय संकट


डा. सुदीप।

**पिहोवा।** पिछले तीन महीनों से, हरियाणा भर के सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में चिंताजनक स्थिति बनी हुई है, क्योंकि शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इस विकट परिस्थिति ने कर्मचारियों को गंभीर वितीय संकट में डाल दिया है। यह जानकारी देते हुए कालेज टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव डा. सुदीप कुमार ने बताया कि इस समय कई कर्मचारी अपने घरेलू वितीय दायित्वों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### जसवंत सिंह की अंतिम रस्मक्रिया 5 को

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कुरुक्षेत्र के मैंबर जसवंत सिंह दुनियामाजरा की अंतिम रस्मक्रिया 5 मई दिन रविवार को उनके पैतृक गांव दुनियामाजरा में होगी। काबिलेजिक्र है कि वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और शहर के श्रीबाला जी आरोग्यम अस्पताल में उपचार के दौरान 26 अप्रैल देर सायं उनका देहांत हो गया था। दिवगंत के पुत्र राजपाल सिंह दुनियामाजरा ने बताया कि जसवंत सिंह की अंतिम रस्मक्रिया गांव के गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में 5 मई दिन रविवार को दोपहर 1 से 2 बजे तक होगी।

### डीएलएसए ने विभिन्न स्कीमों की जानकारी दी

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 मई से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन जागरूकता शिविरों का आयोजन 31 मई तक लगातार किया जाएगा।

### डॉ.शशि आदित्य का हुआ निधन



**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत डॉ. शशि आदित्य का एक स्थानीय निजी नर्सिंग होम में हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। वे 36 वर्ष के थे और हृदय एवं फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित थे। वर्तमान में लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के आपातकालीन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे।

### भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल और आप पार्टी के सुशील गुप्ता ने किया नामांकन

# लोकसभा चुनावः नामांकन के चौथे दिन 12 नामांकन पत्र हुए दाखिल

लोकसभा चुनाव के इस महासमर में अब तक कुरुक्षेत्र लोकसभा से 22 नामांकन हो चुके है दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के चौथे दिन 12 नामांकन पत्र दाखिल किए गए है, इन नामांकन पत्रों में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल व उनकी कवरिंग प्रत्याशी शालू जिंदल ने 3-3 नामांकन, आप पार्टी के सुशील गुप्ता ने 2 नामांकन व उनकी कवरिंग प्रत्याशी सुमित्रा देवी ने 1 नामांकन, आजाद प्रत्याशी अश्विनी शर्मा हरितवाल, फुल सिंह व राष्ट्रीय गरीब दल (आरजेडी) के प्रत्याशी प्रदीप सैनी ने 1-1 नामांकन दाखिल किया है। यह नामांकन प्रक्रिया 6 मई तक जारी रहेगी। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से वीरवार तक 22 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने 3 नामांकन पत्र दाखिल किए।


**कुरुक्षेत्र।** नामांकन दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल व साथ में मौजूद मुख्यमंत्री मनोहर लाल व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।


**कुरुक्षेत्र।** नामांकन दाखिल करते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता व साथ में मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान।

#### भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल की संपत्ति का ब्यौरा

भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने 1990 में दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम ऑनर्स की डिग्री और 1992 में यूएसए की टेक्सास यूनिवर्सिटी से एमबीए की डिग्री हासिल की है। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के पास 88673.68 लाख की चल संपत्ति है और 1105.81 लाख की अचल संपत्ति है। भाजपा प्रत्याशी ने मैसर्ज नवीन जिंदल एंड संस एचयूएफ से 692.31 लाख का पर्सनल लोन लिया है। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल की धर्मपत्नी शालू जिंदल ने कवरिंग प्रत्याशी के रूप में 3 नामांकन दाखिल किए है। भाजपा प्रत्याशी शालू जिंदल ने 1989 में पंजाब विश्वविद्यालय के राजकीय महिला कॉलेज लुधियाना से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की है और 1990 में सेंट जेवियर कॉलेज मुंबई से डिप्लोमा एंड बिजनेस मैनेजमेंट किया है। भाजपा प्रत्याशी शालू जिंदल ने अपने शपथ पत्र में 11461.75 लाख चल संपत्ति दर्शाई है।

#### आप प्रत्याशी सुशील गुप्ता की संपत्ति का ब्यौरा

आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील कुमार गुप्ता ने 2 नामांकन पत्र दाखिल किए है। आम आदमी पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार गुप्ता ने 1987 में दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री हासिल की है। इस प्रत्याशी ने अपने शपथ पत्र में 49 करोड़ 73 लाख 19 हजार 36 रुपए की चल संपति और 22 करोड़ 26 लाख रुपए की अचल संपत्ति दर्शाई है। जबकि वित्तीय संस्थानों से 6 करोड़ 62 लाख 99 हजार 80 रुपए का ऋण भी लिया है। आम आदमी पार्टी की कवरिंग प्रत्याशी के रूप में उनकी धर्मपत्नी सुमित्रा देवी ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। आम आदमी पार्टी प्रत्याशी सुमित्रा देवी के पास 23 करोड़ 13 लाख 88 हजार 152 रुपए की चल संपति है, जबकि 73 करोड़ 94 लाख 65 हजार 840 रुपए की अचल संपति है। इस प्रत्याशी ने भी वित्तीय संस्थानों से 6 करोड़ 34 लाख 80 हजार 912 रुपए का ऋण दिखाया है।

#### आजाद प्रत्याशी फुल सिंह दसवीं पास

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गरीब दल (आरजीडी) के प्रत्याशी प्रदीप सैनी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रदीप सैनी ने एमए एलएलबी की डिग्री हासिल की है। इस प्रत्याशी ने अपने शपथ पत्र में 45 हजार की चल संपति और 80 लाख रुपए की अचल संपति दर्शाई है। इस प्रत्याशी ने भी वित्तीय संस्थान से 80 हजार रुपए का ऋण दिखाया है। आजाद प्रत्याशी अश्विनी शर्मा हरितवाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अश्वनी शर्मा हरितवाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से 1985 एम हिन्दी की डिग्री, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से 1989 में पीएचडी की डिग्री और एनआईएलएलएम विश्वविद्यालय कैथल से एलएलबी की डिग्री हासिल की है। इस प्रत्याशी ने अपने शपथ पत्र में 10 लाख 26 हजार 923 रुपए की चल संपति और 32 लाख रुपए की अचल संपत्ति दर्शाई है। आजाद प्रत्याशी फुल सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। फुल सिंह ने अपने शपथ पत्र में अपनी शैक्षणिक योग्यता दसवीं दर्शाई है। इस प्रत्याशी ने अपने शपथ पत्र में 2 लाख 4 हजार रुपए की चल संपत्ति और 65 लाख रुपए की अचल संपत्ति दर्शाई है।

## घमंडियां गठबंधन देश नहीं परिवार को बचाने में लगा: नायब सैनी


**कुरुक्षेत्र।** मुख्यातिथि नायब सैनी व कुरुक्षेत्र लोकसभा उम्मीदवार को गदा भेंट करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा व जिलाध्यक्ष रवि बतान। *फोटो : हरिभूमि*

- भारतीयय जनता पार्टी परिवार नहीं देश को बचाने की लड़ाई लड़ रही है : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पहचान आज शिक्षा नहीं शराब बन गई है। वे अच्छे स्कूल, स्वास्थ्य और ईमानदारी की बात करते हुए कहते थे कि गाड़ी-बंगला नहीं लेंगे, लेकिन आज उनके पास शीशमहल है। जो लोग यह कहते थे कि अगर सोनिया गांधी की ईडी से जांच करवा दी जाए तो वह जेल में होगी, वे ही आज उनसे ही गले मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लोग कुरुक्षेत्र में आकर नशा बंद करने की बात करते हैं जबकि दिल्ली में इन लोगों ने शराब की दुकानों को बढ़ाने का काम किया है और गली-गली शराब की दुकान खोल दी। यही नहीं महिलाओं के लिए शराब की स्पेशल दुकान खोलने का काम भी इन लोगों ने किया। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि घमंडियां गठबंधन के लोगों की लड़ाई देश को बचाने की नहीं बल्कि परिवार को बचाने की है। जबकि भाजपा देश को बचाने की लड़ाई लड़ रही है।

### कांग्रेस का न्याय पत्र जनहित में: भूपेंद्र सिंह हुड्डा




**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने वीरवार को नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व उन्होंने कुरुक्षेत्र में जनसभा कर रैली निकाली। इस दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस का जो न्याय पत्र जारी किया है। उसमें हर वर्ग जवान, बेरोजगार और महिलाओं के लिए एक लाख रुपए, किसानों को एमएसपी की गारंटी व कर्जा माफ और मजदूर को न्यूनतम वेतन 400 रुपए दिया जाएगा।

## केयू ने जारी की वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा द्वारा स्वीकृत शेड्यूल के मद्देनजर संचालन शाखा द्वारा विभिन्न यूजी तथा पीजी वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। केयू परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की यह परीक्षाएं 5 जून, 2024 से आरंभ करवाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन मोड़ में आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं में बीकॉम/बीसीए पार्ट वन व टू वार्षिक, एमए संस्कृत, एजूकेशन, राजनीति शास्त्र, इंग्लिश, इकोनॉमिक्स, हिंदी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, इतिहास, एआईएच, फिलोसफी, पंजाबी (प्रथम) वार्षिक, एमएससी मैथेमेटिक्स (प्रथम व अंतिम वर्ष) वार्षिक सिस्टम, एमएससी जियोग्राफी व एमकॉम (प्रथम) वार्षिक, मास्टर ऑफ बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) पार्ट-वन व टू (वार्षिक), मास्टर ऑफ बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) (हास्पिटेलिटी मैनेजमेंट) पार्ट वन व टू की परीक्षाएं 05 जून, बीए/बीएससी (जनरल) पार्ट टू वार्षिक प्रणाली की परीक्षाएं 06 जून को होनी हैं।

### ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर मिलेगी एक्सग्रेशिया सहायता: शांतनु

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग/सुरक्षा कर्मियों के परिवारजन को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। ड्यूटी के दौरान हिंसक घटनाओं, बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर परिवारजन को 30 लाख रुपये दिए जाएंगे। ड्यूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख रुपये, असामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थायी दिव्यांगता होने पर परिवारजन को 15 लाख रुपये तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता परिवारजनों को प्रदान की जाएगी।

## शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान

- रक्तदान करने से अंजान व्यक्ति को जीवनदान दिया जा सकता : रजवंत कौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

रोटरी, रोटरेक्ट व इनरव्हील क्लब लाडवा द्वारा स्व रीना कंसल की स्मृति में रक्तदान एवम स्टेम सेल दान शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में 55 लोगों ने रक्तदान किया और स्टेमसेल दान के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। प्रोजेक्ट चेयरमैन अवतार सिंह सेखों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर के द्वारा लाडवा शहर में पहली बार स्टेमसेल के बारे में लोगों को जागरूक किया गया जिसमे लोगों ने स्टेमसेल डोनेशन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। रोटरी क्लब के प्रधान अंकुर गुप्ता ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और बताया कि रोटरी क्लब हमेशा ही समाजहित के कार्य करती है और जन जन की जान बचाना रोटरी के मुख्य उद्देश्यों में है। इस शिविर के मुख्य अतिथि कुंटिया प्रधान रजवंत कौर ने कहा कि व्यक्ति रक्तदान और स्टैमसेल दान के द्वारा एक व्यक्ति की जान बचाकर उसको जीवन दे सकता है। इस मौके पर उन्होंने रक्तदाताओं को पिन लगाकर सम्मानित किया और उनको उनके कार्य के लिए उपहार दिया। पंचकुला से आए हुए डा संजय कालरा ने उपस्थित लोगों को स्टेमसेल के इस्तेमाल के बारे में बताया किए किस तरह से स्टेमसेल दान करके थेलिसेमिया और कैंसर जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।


**लाडवा।** रक्तदान और स्टैमसेल दान करते रोटरी क्लब के सदस्य।

### पीएमश्री बनने के बाद विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**पिहोवा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धूलगढ़ गुलडेहरा के बच्चों ने 100% परीक्षा परिणाम के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की ओर से इस वर्ष 12वीं कक्षा में 79 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया जिनमें से 16 मेरिट, 35 प्रथम श्रेणी और अन्य ने द्वितीय श्रेणी में स्थान प्राप्त किये।विद्यालय की छात्रा रिंकी सुपुत्री कृष्ण कुमार ने 460 अंक 92% लेकर प्रथम स्थान, अजय गिर सुपुत्र मेहर गिर ने 455 अंक 91% लेकर द्वितीय स्थान,आंचल सुपुत्री रमेश कुमार ने 425अंक 85% अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## आदेश में मेडिकल शिक्षा इकाई यूनिट का उदघाटन

- मेडिकल शिक्षा अनुभव को बढ़ाने में योगदान देगी नई चिकित्सा शिक्षा यूनिट : डा.एच.एस.गिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गुरूवार को मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज में नयी चिकित्सा शिक्षा यूनिट का उद्घाटन किया गया। आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस.गिल ने फीता काटकर नयी यूनिट मैडिकल चिकित्सकों व स्टूडेंटस को समर्पित की। चेयरमेन डा.एच.एस.गिल ने कहा कि मैडिकल स्टूडेंटस के लिए स्थापित की गई नयी शिक्षा यूनिट मैडिकल स्टूडेंटस के अनुभव को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा अत्याधुनिक तकनीक और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसका उद्देश्य शैक्षिक अनुभव को बढ़ाना और नवीन शिक्षण पद्धतियों को सुविधाजनक बनाना है। डॉ. एचएस गिल ने कहा कि मैडिकल शिक्षा के क्षेत्र में आदेश ग्रुप अतुलनीय भूमिका अदा कर रहा है और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के महत्व पर जोर दिया जा रहा।


आदेश में नई चिकित्सा शिक्षा यूनिट का उद्घाटन करते डा.एच.एस. गिल।

### नामांकन सभा के लिए रवाना हुए कार्यकर्ता

**लाडवा।** लाडवा अनाजमंडी स्थित भाजपा नेता संदीप गर्ग के कार्यालय से सैकड़ो कार्यकर्ता कुरूक्षेत्र लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के नामांकन पत्र दाखिल करवाने के लिए रवाना हुए। भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता जा रहा है। वैसे-वैसे बीजेपी पार्टी का माहौल बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरूवार को पूर्व सांसद नवीन जिन्दल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उसको लेकर कुरूक्षेत्र अनाजमंडी में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया गया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

वैशाख मास के पावन अवसर पर के श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ वीरवार को मंगल कलश यात्रा के साथ किया गया। परम श्रद्धेय भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री प्रतिदिन दोपहर 5 से सायं 7 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं द्वारा शोभायात्रा आयोजित की गई, जो नगर से होकर शिव मन्दिर की परिक्रमा करके पुनः कथा स्थल पहुंची। समाजसेवी सुशील चित्रा, पंडित पुरुषोतम शर्मा ने गौरी गणेश षोडशोपचार एवं नवग्रह आदि देवताओं का पूजन अर्चन किया गया। कलश यात्रा के बाद व्यास पीठ पर श्रीमद् भागवत जी का पूजन अर्चन करने के बाद स्थापित किया गया एवं परम श्रद्धेय भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री को तिलक एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। एवं यजमानो द्वारा दीप जलाकर भागवत कथा का शुभारंभ किया गया । कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि भागवत जी का चिंतन अंतिम क्षणों तक करते रहना चाहिए, जिन लोगों ने भगवत और भागवत का आश्रय लिया उन सभी का कल्याण हुआ।




**कुरुक्षेत्र।** खुशी का इजहार करती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

### 12वीं कक्षा का परिणाम आने पर जश्न मनाया

**कुरुक्षेत्र।** कुरूक्षेत्र में उदयन शालिनी फेलोशिप ने हाल ही में उदयन शालिनी फेलोशिप कार्यक्रम की लड़कियों के 17वें बैच की शैक्षणिक सफलता का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम यूएसएफ सेंटर में हुआ और इसमें सलाहकारों, समर्थकों और समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। अलीशा ने गैर-चिकित्सा स्ट्रीम में 90.4% के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन किया, जबकि कविता ने वाणिज्य में 94% और रेखा ने कला स्ट्रीम में 94.6% के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उदय शालिनी फेलोशिप कार्यक्रम शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाना शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाने के प्रयास में, उदय शालिनी फेलोशिप (यूएसएफ) कार्यक्रम लगातार महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम, जो सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की योग्य लेकिन जरूरतमंद छात्राओं का समर्थन करने पर केंद्रित है, ने अपने मिशन को प्राप्त करने के लिए पांच प्रमुख उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार की है। पहला उद्देश्य लड़कियों को अपनी शिक्षा जारी रखने में सक्षम बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम लड़कियों के समग्र मानसिक, नैतिक और समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत सलाह के माध्यम से व्यक्तिगत ध्यान, परामर्श और संवारने की पेशकश करता है।

### प्रेरणा वृद्धाश्रम में चौपाल का शिलान्यास 5 मई को

**कुरुक्षेत्र।** प्रेरणा संस्था एवं प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि प्रेरणा संस्था के 33 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रेरणा वृद्धाश्रम परिसर में 5 मई को चौपाल का शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिलान्यास समारोह के अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ललित बतरा मुख्य अतिथि होंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जबकि प्रज्ञा साहित्य मंच के संरक्षक एवं सूर पुरस्कार विजेता डा. मधुकांत विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रेरणा संस्था की अध्यक्षा रेनू खुंगर ने बताया कि प्रेरणा वृद्धाश्रम परिसर में भव्य हरियाणवी संस्कृति संग्रहालय की स्थापना की गई है। चौपाल भी हरियाणवी संस्कृति को प्रोत्साहित करने का हिस्सा है।

### केयू ने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में स्थापित किए नए आयाम : सचदेवा

# युवाओं में कौशल विकसित करना समय की मांग

- कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने किया युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की ओर से आयोजित चार दिवसीय कला उत्सव कार्यशाला का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। कला का व्यावहारिक एवं कौशलात्मक ज्ञान आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है क्योंकि युवाओं में कौशल विकसित कर ही उनके भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने गुरुवार को केयू सीनेट हॉल में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से आयोजित चार दिवसीय कला उत्सव 2024 कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों की मूल्यपरक शिक्षा सहित अकादमिक, शोध, खेल एवं सांस्कृतिक विकास सहित रोजगारपरक शिक्षा प्रणाली पर जोर दिया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, डीवाईसीए निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया व उपनिदेशक डॉ. गुरचरण सिंह द्वारा कला उत्सव 2024 कैटालॉग का भी विमोचन किया। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि केयू ने एनईपी 2020 को कैम्पस एवं संबंधित महाविद्यालयों के यूजी प्रोग्राम्स में देश में सर्वप्रथम लागू किया है। वहीं शोध के क्षेत्र में केयू ने 60 से ज्यादा पेटेंट दर्ज कर प्रकाशित भी किए गए हैं। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि खेल के क्षेत्र में प्रख्यात माका ट्रॉफी में केयू ने लगातार दूसरे वर्ष तीसरा स्थान व 37वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में राजकीय विश्वविद्यालयों में प्रथम व ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है जिसमें ललित कला विभाग की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने केयू परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति को निर्मित करने वाली ललित कला विभाग की पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए बधाई भी दी।



**कुरुक्षेत्र।** कलाकारों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

#### कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य

केयू कुलपति के कुशल मार्गदर्शन में ही विद्यार्थियों के बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक विकास के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में युवा कलाकारों की प्रतिभा को निखारने के लिए केयू में 6 क्लब बनाए गए हैं तथा इनके द्वारा भारतीय कला एवं संस्कृति को नया आयाम देने के प्रयास किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब की 36 बोतल समेत व्यक्ति गिरफ्तार

**अलेवा।** सीआइए पुलिस जींद द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बधाना-कुचराना लिंक मार्ग के कच्चे रास्ते पर खेतों में छापेमारी कर बधाना निवासी एक युवक को 36 बोतल अवैध कच्ची शराब की बोतल समेत काबू किया है। अज्ञात ने सूचना दी कि बधाना निवासी संदीप गांव से कुचराना जाने वाले कच्चे रास्ते पर कोठे में अवैध शराब बेचने का कार्य कर रहा है।

### हेरोइन सप्लाई मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** नशा सप्लाई करने वालों पर शिकंजा कसते चौकी रामथली पुलिस के एएसआई सुभाष चंद्र की टीम ने हेरोइन सप्लायर आरोपी उगो बादशाहपुर जिला पटियाला पंजाब निवासी मनवीर सिंह को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 दिसंबर को एएसआई संदीप की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी खरकां निवासी छिंदा को मैन चौक खरकां के पास से काबू किया गया था।

### तीन को घायल करने पर पांच के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** सुंदर नगर में ट्रैक्टर के पहिये से रैंप टूटने से खफा पड़ोसी ने परिजनों के साथ मिल कर हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो लोगों का नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुंदरनगर निवासी रीटा ने पुलिस शिकायत दर्ज करवाई है।

### मारपीट के आरोप में चार पर केस दर्ज

**कैथल।** दंपत्ति से मारपीट और मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिले के गांव निवासी 32 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि 25 को आरोपी विक्रम, राजपाल, बलवीर व गनु ने उसे व पति को रॉड से पीटा। आरोपियों ने उसके साथ छेडखानी की व जान से मारने की धमकी भी दी।

### नाबालिग के लापता होने पर अपहरण का केस दर्ज

**जींद।** अजमेर बस्ती से नाबालिग लड़की के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजमेर बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 अप्रैल को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### ताला तोड़ नकदी- जेवर चोरी का आरोपित पकड़ा

**कैथल।** चौकी पुंडरी पुलिस के एएसआई सुखबीर सिंह द्वारा आरोपी पुंडरी निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुंडरी निवासी निशु की शिकायत अनुसार 30 दिसंबर को वह अपने माइके गई हुई थी। अगले दिन सुबह वह जब वापिस आई तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। चैक करने पर नकदी, सोना चांदी ज्वेलरी इत्यादि सामान चोरी हुआ मिला।

---

आरोपियों के कब्जे से तार, गाड़ी और कागजात बरामद

# वैक्यूम क्लीनर की तार से गला घोंटकर किया था दिग्विजय का कत्ल

सिलसिलेवार पूछताछ में आरोपियों का खुलासा तार से गला घोंटने के बाद शव को नहर के पास झाडियों में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। पुलिस के हत्थे चढ़े दोनों आरोपी।

अंबाला शहर में दर्ज हत्या के मामले में सीआईए-1 ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सीआईए ने पहले आरोपी पंजाब के फतेहगढ़ साहिब के रहने वाले गुरविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया था कि अंबाला शहर के पटेल रोड का आरोपी मनीष उर्फ अंकित इस गुनाह में शामिल है। पुलिस ने आरोपी मनीष को काबू कर उसे भी एक दिन के रिमांड पर लिया है। अंबाला शहर की शालीमार कॉलोनी के रहने वाले कर्ण सिंह ने 20 अप्रैल 2024 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 अप्रैल 2024 को उसका पुत्र दिग्विजय सिंह बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। तलाश के बावजूद उसका कहीं भी सुराग नहीं लग पाया था। तब पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। बाकायदा दिग्विजय को तलाशने के लिए पुलिस की ओर से एसआईटी का गठन किया गया। गठित टीम ने 27 अप्रैल 2024 को इस मामले में आरोपी गुरविंद्र सिंह काबू किया था। तब आरोपी ने खुलासा किया किया था कि उसने दिग्विजय सिंह की वैक्यूम क्लीनर की तार से गला घोट कर हत्या कर दी है।

### जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर हुई मारपीट

**मुलाना।** जमीन की खरीद-फरोख्त करने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। ब्राह्मण माजरा के पुरुषोत्तम शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पुरुषोत्तम ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। इसके अलावा जमीन खरीदने व बेचने का भी काम करता है। उसने नाहौनी गांव के रामजी लाल के साथ मिलकर हमीदपुर गांव में दिसंबर 2023 में 2 एकड जमीन के लिए खोली गांव जिला पंचकूला के लाभ सिंह से इकरारनामा किया था। इसकी रजिस्ट्री 15 मई 2024 को होनी थी। 30 अप्रैल को वो रामजी लाल के साथ हमीदपुर गांव में जमीन देखने के लिए गए थे। जब वो जमीन पर पहुंचे तो देखा कि कालपी गांव के रणबीर सिंह और अमनी खरीदी गई जमीन में पानी दे रहे थे। जब उसने बताया कि यह जमीन उसने खरीद रखी है। इस जमीन की रजिस्ट्री 15 मई को होनी है। इस बात को सुनते ही रणबीर और उसका लड़का अमनी तैश में आ गए। उन्हें धमकाया कि यहां से भाग जाओ वरना वो उन्हें मार देंगे। इसके बाद वह वो वापिस आ गए।


मुलाना। मासूम की पिटाई करते हुआ आरोपी।

- बच्चे की पिटाई का सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया

### 7 साल के बच्चे ने सहपाठी के घर पर बने शौचालय में किया शौच, पिता ने बेरहमी से की पिटाई

**मुलाना।** गांव हमीदपुर में एक व्यक्ति ने सात साल के बच्चे को बेरहमी से पिटाई की है। आरोपी ने बच्चे को इतना पिटा की वह बेहोश हो गया। बच्चे का कसूर बस इतना था कि उस ने आरोपी के घर पर बने शोचालय में शौच किया था। इस पर आरोपी इतना आग बबूला हो गया। उसने सात साल के मासूम पर थपड़ व डंडों से पिटाई कर डाली । पिटाई की यह घटना यहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।इस मामले के सम्बंध में मासूम बच्चे के पिता रणजीत सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में रणजीत सिंह ने कहा कि वह हमीदपुर गांव का रहने वाला है। बुधवार को उस का बेटा अपने सहपाठी राहुल व दो तीन अन्य बच्चों के साथ शौच करने राहुल के घर घर चला गया । थोड़ी देर बाद राहुल का पिता आरोपी नरेश वहां आ गया। उसने उसके बेटे को पकड लिया और उसके साथ मारपीट करने लगा। बहुत देर तक मारपीट करने के बाद नरेश कुमार उसके बेटे को घर के अन्दर ले गया। यहां रस्सी से बांध उसने डंडों से पिटाई की। साथ ही लातें भी मारी। पीड़ित 7 वर्षीय मासूम के पिता ने कहा कि नरेश कुमार ने उस के बेटे को जान से मारने की कोशिश की । मासूम की पीठ पर डडे की चोट के निशान है । शिकायतकर्ता रणजीत ने कहा कि पिटाई से उस का बेटा आधा घंटा बेहोश रहा। उन्होंने कहा कि मासूम की आरोपी द्वारा पिटाई की सीसीटीवी फुटेज उन के पास है। पता चला है कि एक मामले में आरोपी कुछ समय पहले ही जेल से बाहर आया है। अब पुलिस ने


अंबाला। नामांकन पत्र दाखिल करते कांग्रेस प्रत्याशी वरूण चौधरी।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

- एकजुट नेताओं ने कहा कि भाजपा राज से देश की जनता दुखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी ने वीरवार को समर्थकों के साथ मिलकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यातिथि के तौर पर नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उदय भान सहित अन्य नेता मौजूद रहे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री फूल चंद मुलाना ने कहा कि भाजपा से हर वर्ग दुखी है। उन्होंने कहा वही पहले वाला कांग्रेस राज जनता लाना चाहती हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान ने कहा कि 25 तारीख को वोट देकर तानाशाह को भगाना है। उन्होंने कहा ये वो लोग हैं जिन्होंने किसानों के लिए अम्बाला में सीमाओं को सील कर दिया था और किसानों पर लाठी चार्ज, आशु गैस के गोले दागने का काम किया था। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हम यहां देश के संविधान को बचाने के लिए इकट्ठा हुए हैं। संविधान बचेगा तो प्रजातंत्र बचेगा। उन्होंने कहा की 36 बिरादरी मन बना चुकी है कि अबकी बार देश में कांग्रेस की सरकार बनाएगी। लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी ने जनता से कहा कि आपकी आवाज पर आपके बीच हूं। आपकी आवाज दिल्ली तक पहुंची और कांग्रेस पार्टी ने अम्बाला लोकसभा से मुझे प्रत्याशी घोषित किया। उन्होंने कहा कि ₹हमारी लड़ाई उस विचारधारा के खिलाफ है जो देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम कर रही है।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर कालका विधायक प्रदीप चौधरी, साढ़ौरा विधायक रेनू बाला, नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी, पूर्व सीपीएस रामकिशन गुर्जर, पूर्व डिप्टी स्पीकर चौधरी अकरम खान, पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्रमोहन, पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह, चित्रा सरवारा, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुधा भारद्वाज, चेतन चौहान, निशा चावला, अशोक मेहता, रोहतक भारत भूषण बतारा, पूर्व विधायक जसबीर मलौर, अर्जुन सिंह, अमीषा चावला , बृजपाल छप्पर, सुरेश भोला, पूर्व मेयर उपेंद्र आहलुवालिया, हिम्मत सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।


बराड़ा। कार्यक्रम में श्रमिको को सम्मानित करते हुए।

### विश्व श्रमिक दिवस पर सभी कर्मचारियों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड विद्यालय में श्रमिक दिवस पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय में कार्यरत सभी श्रमिक वर्ग को शामिल किया गया और विद्यार्थियों को 1 मई श्रमिक दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है, इसके बारे में विद्यार्थियो को जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर विद्यार्थियों ने विद्यालय में काम करने वाले श्रमिकों को उपहार देकर सम्मानित किया। अंत में विद्यालय चेयरमैन और प्रधानाचार्या ने सभी श्रमिक वर्ग के कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए आने वाले भविष्य में भी उन्हें इसी प्रकार से कार्यरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

- कांग्रेस प्रत्याशी वरूण चौधरी करोड़पति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लोकसभा चुनाव को लेकर अबाला संसदीय सीट से वीरवार को तीन प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में कांग्रेस पार्टी से वरूण चौधरी, इंडियन नेशनल लोकदल से गुरप्रीत सिंह व एकम सनातन भारत दल से मेहर सिंह चालिया शामिल हैं। कांग्रेस की ओर स कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर पूजा ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। सभी प्रत्याशियों ने प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए सविंधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली।


अंबाला। इनेलो प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करते हुए।

**करोड़पति उम्मीदवार हैं चौधरी**

कांग्रेस प्रत्याशी वरूण चौधरी ने नामांकन पत्र के साथ हलफिया पत्र भी दाखिल किया। उन्होंने वर्ष 2022-23 में दाखिल अपनी इनकम टैक्स रिटर्न में अपनी आमदनी 65,44,860 होने की बात कही है। शपथ पत्र के मुताबिक उनके पास चल सम्पति 3,61,37,356 रुपये तथा अचल संपत्ति 1,85,73,000 रूपये कीमत की है। उनके स्वंय के पास प्रोपर्टी के तहत अचल संपति का बाजारी मूल्य 10,10,37,356 है। चौधरी ने खुद का रिहायशी पता मकान नम्बर 936 ए, सेक्टर-7, अंबाला शहर बताया है। साथ ही शैक्षणिक योग्यता एलएलबी बताई है।

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी से प्रत्याशी एडवोकेट गुरप्रीत सिंह ने अपने चल संपतत्ति 26 लाख रुपये तथा उनके स्वंय के पास प्रोपर्टी के तहत अचल संपति जिसकी बाजार मूल्य 2 करोड़ रूपये बताई है। उन्होंने अपना रिहायशी पता करनाल का बताया है। उनकी शैक्षणिक योग्यता बीबीए एलएलबी है। इसी तरह एकम सनातन भारत दल से मेहर सिंह चालिया ने अपनी शैक्षणिक योग्यता एमए राजनैतिक विज्ञान बताई है। रिहायशी पता सैक्टर 60, गुरूग्राम बताया है। वे भारतीय रेलवे से सेवानिवृत अधिकारी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत जिन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए जा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया से सम्बन्धित रिपोर्ट चुनाव आयोग द्वारा बनाए गये ऐप वोटर रजिस्ट्रेशन हेल्पलाईन एप पर देखी जा सकती है। इसके साथ-साथ जिला वेबसाईट पर भी यह रिपोर्ट देखी जा सकती है।

चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन भरने की अंतिम तिथि 6 मई सांय 3 बजे तक है। प्रत्याशियों के नामांकन की जांच 7 मई को होगी वहीं नामांकन वापिस लेने की तिथि 9 मई है। मतदान 25 मई 2024 को होगा और 4 जून को मतों की गणना होगी।

## सरकारी डिपो से राशन लेने वाले परिवारों की नए सिरे से होगी केवाईसी

- डिपो संचालकों को दिए निर्देश
- संचालकों को 7 मई तक का दिया समय, फिर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। कैप्शन :बैठक में भाग लेते डिपो संचालक

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार क्षेत्र के डिपो संचालकों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। निरीक्षक विनोद दुबे ने इसकी अध्यक्षता की। अधिकारी ने सभी डिपो संचालकों को राशन प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों के केवाईसी कार्य संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। विभागीय सूत्रों के अनुसार लाभार्थियों के संयुक्त परिवार व्यवस्था के समाप्त होने, कुछ सदस्यों के अन्य शहर व विदेश में प्रवास तथा रोजगार आदि अन्य कारणों से परिवार बंटवारे के रूप में विभक्त हो गए हैं। परंतु केवाईसी के अभाव में कुछ लाभार्थी अभी भी उनके नाम का राशन अवैध ढंग से प्राप्त करके सरकार पर आवश्यक बोझ बने हुए हैं। विभाग ने सभी डिपो धारकों को आगामी 7 मई 2024 तक तय समय सीमा में सभी लाभार्थियों के केवाईसी कार्य को पूरा करने का शत प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया है। केवाईसी कार्य पूर्ण न होने की अवस्था में डिपो संचालक के विरुद्ध कठोर एवं कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### सरकारी गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित कर, सरकारी गाड़ी को तोड़ने, जानलेवा हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहित उर्फ रोनी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त नौ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। 6 मई 2023 को डॉयल 112 नंबर की गाड़ी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव सपेहड़ा में शराब पीकर लड़के आपस में झगड़ा कर रहे है। सूचना उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी मनप्रीत उर्फ सोनी, हरप्रीत उर्फ प्रीत, कमल व अन्य ने सरकारी कर्मचारी से मारपीट कर सरकारी कार्य को बाधित कर गाड़ी को क्षत्रिग्रस्त करते हुए कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दी है।

## शिक्षा के महत्व को समझे हर मजदूर, अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते सोनिया प्रोचा।

भाजपा महिला मोर्चा अंबाला की जिला महामंत्री सोनिया प्रोचा ने विश्व मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों व उनके बच्चों के साथ मजदूर दिवस मनाया। उन्होंने मजदूरों के बच्चों को अपनी ओर से लेखन सामग्री व फल वितरित किए तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सभी मजदूरों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को स्कूलों में अवश्य भेजें। शिक्षा से ही जीवन में प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है ! उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अब तक राष्ट्र के निर्माण में मजदूरों के अविस्मरणीय योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। इस दिन को हम श्रमिकों के लंबे संघर्ष व उनके अतुलनीय योगदान, उचित व सम्मानजनक वेतन, सुरक्षित काम करने की स्थिति, संगठित होने कार्यस्थलों, अदालतों और सरकार में मजदूरों की आवाज सुने जाने के अधिकार के लिए याद करते हैं। मजदूरों के महत्वपूर्ण योगदान से ही विकसित भारत की कल्पना को साकार किया जा सकता है।

## 609 बोतल अवैध शराब सहित चार आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा से अवैध शराब की तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी अमित को 564 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में साहा क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में सीआईए शहजादपुर ने आरोपी कुलदीप सिंह को 24 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। इसी थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से पुलिस ने आरोपी सीता राम को 10 बोतल व आरोपी रविंद्र सिंह को 11 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की गीतिका को मिला पहला स्थान

## क्रिया कलाप प्रतियोगिता में ग्लोरी सदन के छात्र छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा छठी,सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय क्रिया कलाप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रतियोगिता के विषय कक्षा छठी के लिए वॉल हैंगिंग, कक्षा सातवीं के लिए आर्टिफिशियल फ्लावर अरेंजमेंट, कक्षा आठवीं के लिए अम्ब्रेला डेकोरेशन रहे। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए कहा कि हम अपने बच्चों को सीखने की गतिविधियों में व्यस्त रखने का प्रयास करते हैं। क्योंकि आजकल स्कूलों की भूमिका केवल उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की नहीं है बल्कि अपने छात्रों को आजीवन सीखने के लिए सशक्त बनाने की भी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के क्रियाकलापों से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया ताकि बच्चे भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में सकारात्मक रूप से भाग लें और अपनी रचनात्मक व सृजनात्मक शक्ति का विकास करें। प्रतियोगिता में छठी कक्षा से ग्लोरी सदन के दक्ष अरोड़ा ने बाजी मारी।


अंबाला। क्रिया कलाप प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करते छात्र।

**ये रे परीणाम**

- द्वितीय स्थान विजदम सदन के सार्थक रहे।
- तृतीय स्थान करेज सदन की दीपांशी को मिला। ग्लोरी सदन का
- मोक्ष चौथे स्थान पर रहा। सांत्वना पुरस्कार अनहद (ग्लोरी सदन) और बरनत कौर (स्ट्रेंथ सदन) को मिला।
- प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा की काव्या विजयी रही।
- द्वितीय स्थान पर नवनीत कौर (करेज सदन ) व
- तृतीय स्थान पर तन्वी (ग्लोरी सदन) रही।
- चौथा स्थान पर संध्या(विजडम सदन) रही। इसी तरह सांत्वना पुरस्कार जाह्नवी (करेज सदन)और युवराज सेट्ठी (स्ट्रेंथ सदन) को मिला। आठवीं कक्षा से प्रथम स्थान गीतिका (करेज सदन) को मिला।
- द्वितीय स्थान पर ग्लौरी सदन की दक्षिता रही। तृतीय स्थान - समर्थ (ग्लोरी सदन) ने हासिल किया। मनदीप और मोक्ष (स्ट्रेंथ सदन)को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।